जागरण

Muzaffarpur News: मुजफ्फरपुर के मुशहरी में विल्स सिगरेट की नकली फैक्ट्री का भंडाफोड़, संचालक फरार

संवाद सहयोगी, मुशहरी। थाना क्षेत्र की बैकटपुर पंचायत के माधोपुर गांव में एक सुनसान स्थान पर नकली सिगरेट का निर्माण किया जा रहा था। यह कार्य पिछले एक वर्ष से अधिक समय से चल रहा था और निर्मित सिगरेट को देखकर कोई भी यह नहीं पहचान सकता था कि वह विल्स का डुप्लीकेट है।

कंपनी के प्रबंधक की शिकायत पर बुधवार को जब मुशहरी थाना पुलिस ने टीम गठित कर छापेमारी की तो विल्स सिगरेट की नकली फैक्ट्री का भंडाफोड़ हो गया। छापेमारी के दौरान सात कार्टन में तीन लाख की नकली सिगरेट, तंबाकू व अन्य निर्माण सामग्री बरामद की गई।

Source: https://www.jagran.com/bihar/muzaffarpur-muzaffarpur-fake-wills-cigarette-factory-busted-counterfeit-goods-seized-23999571.html